प्रेस नोट

दिनांक 09.04.2024

अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा मंगलवार की परेड/पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया

आज दिनांक 09.04.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, हमीरपुर द्वारा मंगलवार की परेड, पुलिस लाइन हमीरपुर का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में-

◆साप्ताहिक मंगलवार की परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया व अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया।

◆शारीरिक व मानसिक रुप से फिट/स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी।

◆परिवहन शाखा का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

◆पुलिस कैंटीन का निरीक्षण कर साफ-सफाई व रखरखाव आदि के सम्बन्ध में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

◆ पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया।

◆रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर व अन्य संबंधित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।